प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगाया आरोप, पिछले पांच वर्षों में राज्य सरकार ने नहीं किया कोई काम, चुनाव नजदीक आते ही हो रही खोखली घोषणाएं।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की एनडीए सरकार पर राज्य की उपेक्षा का लगाया आरोप।
3. जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा– झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी जनता दल यूनाइटेड, गठबंधन नेताओं से बात के बाद तय होगा सीटों का बंटवारा ।
4. कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने धनबाद में कोल परियोजनाओं का किया दौरा, राज्य में बिजली समस्या के लिए राज्य सरकार को बताया जिम्मेदार।

और

5. मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक राजधानी रांची समेत रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला और सिमडेगा सहित राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई संभावना।

****

झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि पिछले पांच वर्षों में राज्य सरकार ने कोई काम नहीं किया, लेकिन अब चुनाव के नजदीक आते ही खोखली घोषणाएं की जा रही हैं। श्री चौहान आज रांची में पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इससे पहले श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से वंदे भारत ट्रेन को रवाना करेंगे ।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया है कि उन्हें झूठे मामलों में जेल भेजा गया और अब उनके परिवार को जेल में डालने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। श्री सोरेन ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायपालिका में उन्हें पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है।

****

जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि उनकी पार्टी झारखंड के विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन नेताओं के साथ बातचीत के बाद सीटों का बंटवारा किया जाएगा।

****

कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि झारखंड में बिजली समस्या के लिए राज्य की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार न तो बिजली खरीद पाती है और न ही बिजली के बिल का भुगतान करती है, इसी कारण राज्य में बिजली संकट जारी है। श्री दुबे आज धनबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

****

गिरिडीह के गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है। गिरिडीह नगर भवन में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित एक कार्यशाला में श्रीमती सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने जो जनहित के कार्य किए हैं उसे जन–जन तक पहुंचाने का समय आ गया है।

****

टाइम मैगजीन ने सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सबसे अधिक महत्वपूर्ण लोगों की सूची में शामिल किया है। मैगजीन में कहा गया है कि श्री वैष्णव के नेतृत्व में भारत को अगले पांच वर्षो में सेमीकंडक्टर के निर्माण के क्षेत्र में शीर्ष पांच देशों में शामिल होने की उम्मीद है।

****

पलामू जिले में 10 सितंबर को **जन शिकायत समाधान** कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

****

हजारीबाग जिले के चौपारण स्थित दनुआ घाटी में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना एक अनियंत्रित ट्रक के ऑटो में टक्कर से हुई, जिसके बाद ट्रक के पीछे से आ रही एक कार भी हादसे की चपेट में आ गई। दुर्घटना में एक–एक कर पांच गाड़ियां हादसे की शिकार हो गयी। मृतक दोनों लोग ऑटो में सवार थे, जो चतरा से गया जा रहे थे।

****

पलामू जिले के चियांकी से पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पांच तस्करों को गिरफ्तार कर 43 गोवंश बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि कंटेनर में सवार सभी पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, रांची के नगड़ी स्थित नारो बाजार टांड के समीप छापेमारी कर पुलिस ने अवैध तरीके से ले जा रहे बालू लदे पांच हाईवा को जब्त किया है।

****

पेरिस पैरालिंपिक खेल आयोजन आज देर रात संपन्न हो जाएगा। इन खेलों का समापन समारोह फ्रांस के नेशनल स्टेडियम स्टेड दी फ्रांस में होगा।

****

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत वर्ष 2030 के यूथ ओलिंपिक और वर्ष 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। वे आज नई दिल्ली में एशिया ओलिंपिक परिषद की 44वीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने खेल बजट को बढ़ाकर वर्तमान में लगभग 470 मिलियन डॉलर कर दिया है।

****

मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक राजधानी रांची समेत रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला और सिमडेगा समेत राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों से कमजोर पड़ा मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट होगी।